प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर दिनांक 08.07.2024

पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा किया गया पुलिस कार्यालय का निरीक्षणः-

आज दिनाँक 08.07.2024 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर महोदया द्वारा पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस कार्यालय परिसर/विभिन्न शाखाओं यथा- अभिसूचना ईकाई, आईजीआरएस, महिला सेल, कंप्यूटर शाखा, क्राइम ब्रांच, सोशल मीडिया सेल आदि में साफ-सफाई व दस्तावेजों के रख-रखाव एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया व संबंधित पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सम्बन्धित समस्त अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।